## एक नजर में




### चक्रतीर्थ पर बैठक पर बैठक का आयोजन

**उज्जैन।** पिछले बैठक में तय निर्णय पालन में प्रमुख पेंशनर्स ऐसोसिएशन जिला उज्जैन के तत्वावधान में चक्रतीर्थ श्मशान घाट पर शमशेर सिंह तोमर की अगुवाई में तथा प्रो.रामराजेश मिश्र के आतिथ्य में पेंशनर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कोमल भूतड़ा संभागीय अध्यक्ष ने उपस्थित पेंशनर्स का स्वागत किया। बैठक में अशोक दुबे जिला अध्यक्ष ने शिक्षा विभाग के पेंशनर्स के प्रकरणों के बारे में वस्तुस्थिति की जानकारी दी। बैठक में तय किया गया है कि यदि सेवानिवृत्त शिक्षकों के अर्जित अवकाश नगदीकरण प्रकरणों का अति शीघ्र निपटारा शिक्षा विभाग द्वारा नहीं किया जाता है, तो नवरात्रि के पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय उज्जैन पर शांति पूर्ण आंदोलन घेराव प्रदर्शन धरना एवं अन्य आंदोलन किए जायेंगे। बैठक में 7 अक्टूबर को प्रदर्शन करने का तय किया गया। बैठक में संगठन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक का संचालन शमशेर सिंह तोमर ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन चंद्रशेखर जोशी जिला सचिव ने किया। इस अवसर पर रामदयाल शर्मा, मंजुलता भाटी, दिनेश कुमार व्यास, प्यारेलाल पालीवाल, शोभा पाठक, शीला शर्मा, रमाकांता सिरे, मोहिनी मालवीय, विक्रम लाल मालवीय आदि 50 से अधिक पेंशनर्स उपस्थित रहे। यह जानकारी डॉ. स्वामीनाथ पांडेय ने दी।

### 450 लोगों की नि:शुल्क जांच की



**उज्जैन।** डॉ. खुशहाल चंदजी जैन की 27वीं पुण्य स्मरण तिथि पर शैल्बी हॉस्पिटल एवं अरिहंत मेडिकेयर मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, उज्जैन के सहयोग से विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य निदान शिविर आयोजित किया गया। बुधवारिया गीता कॉलोनी कॉर्नर पर आयोजित शिविर में विश्व प्रसिद्ध जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. विक्रम शाह की टीम ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में शैल्बी हॉस्पिटल, अहमदाबाद से डॉ. ब्रिजेश पटेल सिनियर एसोसिएट आर्थोप्लास्टी, डॉ. राज लिंबाचीया एसोसिएट आर्थोप्लास्टी, शैल्बी होस्पिटल, इंदौर से डॉ. संजय रावत हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन, डॉ. यश जैन कंसलटेंट फिजिसियन द्वारा सेवाएं दी गई। कुपोषित बच्चों के लिए 110 प्रोटीन के डिब्बे वितरण किये गये। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही ब्लड प्रेशर शुगर, यूरिक एसिड, ईसीजी. बीएमडी स्पाइरोमीटर की नि:शुल्क जांच की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदीप यादव, लोकेंद्र भूतड़ा, संजय सक्सेना, डॉ. पुष्पेंद्र जैन, डॉ. चित्रा जैन मौजूद रहे। शिविर में पंख सोशल वेलफेयर फाउंडेशन, उज्जैन, लायंस क्लब गोल्ड क्वीन, लायंस क्लब क्षिप्रा, उज्जैन, मानव अधिकार एसोसिएशन, उज्जैन, जैन सोशल ग्रुप मैन, उज्जैन, डायमंड उज्जैन, राजेंद्र नवयुवक परिषद, उज्जैन का सहयोग रहा।

### तीन दिवसीय निर्मल ज्ञान प्रोग्राम प्रारंभ




**उज्जैन।** तीसरे विश्व युद्ध की बात हो रही है। विभिन्न देशों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। लोग अनजाने भय के बीच जी रहे हैं। ऐसे में सहजयोग ही वह मार्ग है जो प्रेम,क्षमा और विश्व बंधुत्व की राह दिखाता है। माताजी निर्मला देवी द्वारा प्रणीत सहजयोग आज विश्व के 160 से अधिक देशों में संचालित हो रहा है। भारतीय संस्कृति और धर्म का जागरण इन देशों के सहजयोगी भाई-बहन अपने-अपने देशों में कर रहे हैं। यही विश्व बंधुत्व के रूप में सभी को समरस करेगा। यह बात सहजयोग केंद्र,उज्जैन के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय निर्मल ज्ञान प्रोग्राम में बृजेश पाण्डेय,कानपुर ने कही। आप देवास मार्ग स्थित राजेंद्र सूरीश्वर शोध संस्थान में शुक्रवार प्रात: शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रदेशभर के 300 से अधिक सहजयोगी भाई-बहनों को संबोधित करते हुए उन्होने कहाकि माताजी निर्मला देवी स्वयं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थीं। उनके द्वारा बताए गए क्षमा, प्रेम,त्याग और राष्ट्र प्रथम के पथ को याद रखना होगा। कार्यक्रम में भरत कुलकर्णी इंदौर ने सहजयोग के सूक्ष्म ज्ञान की व्याख्या करते हुए बताया कि सहजयोग भविष्य से भविष्य का निर्माण करने में सहयोगी है। सुधीरकुमार धारीवाल ने बताया कि तीन दिन तक यहां सहजयोगी साधकों द्वारा ध्यान की गहनता,धर्म,आध्यात्म और एक नागरिक के रूप में समाज में हमारी भूमिका जैसे विषयों पर जानकारी हांसिल करेंगे। आनिंधा राय, प्रद्योत वर्मा एवं कार्तिकेय निवासी बैंगलुरू, दीपा गोखले निवासी महू ने भी विभिन्न सत्रों में संबोधित किया। दीप प्रज्जवलन से प्रारंभ कार्यक्रम में सहजयोग के प्रदेश समन्वयक अमित गोयल, अनिल जोशी, एसकेबी कुलकर्णी, गोपालसिंह ज्वेल एवं दीपक गोखले, कमलकिशोर नागर एवं रमेशकुमार जैन उपस्थित थे।

### दो दिवसीय अनुसंधान कार्यशाला प्रारंभ

**उज्जैन।** भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के इंदौर चैप्टर एवं सेंटर फॉर कॉर्पोरेट गवर्नेंस, रिसर्च एंड ट्रेनिंग (सीसीजीआरटी), मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में कंपनी अधिनियम, 2013 पर आधारित दो दिवसीय अनुसंधान कार्यशाला का आयोजन उज्जैन में किया गया। यह आयोजन लगातार तीसरे वर्ष आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ 19 सितंबर शुक्रवार को होटल रुद्राक्ष में संस्थान की केंद्रीय परिषद के सदस्य सीएस आशीष करोड़िया द्वारा अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्जवलन करके किया गया। इस अवसर पर इंदौर चैप्टर के चेयरमैन सीएस अमित कुमार बारंगे, सीएस अनुराग गंगराड़े एवं अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। इंदौर चैप्टर के चेयरमैन सीएस अमित कुमार बारंगे ने बताया की दो दिवसीय कार्यशाला दौरान मुख्य विषय विशेषज्ञ के रूप में मुंबई से आए अनुभवी कंपनी सचिव सीएस मकरंद जोशी रहेंगे। सीएस आशीष करोड़िया ने उद्घाटन सत्र में कहा कि इस तरह के अनुसंधान-आधारित कार्यक्रम न केवल व्यावहारिक ज्ञान को समृद्ध करते हैं। कार्यशाला में देशभर से आए 50 से अधिक कंपनी सचिवों ने भाग लिया। अंकित मेड़तवाल ने उद्घाटन सत्र में सभी अतिथियों एवं सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### स्पर्धा में व्यास हरियाणा आमंत्रित

**उज्जैन।** 74वीं ऑल इंडिया पुलिस रेसलिंग क्लस्टर चैंपियनशिप का भव्य आयोजन करनाल, हरियाणा में आगामी 20 से 24 सितंबर तक किया जा रहा है। राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्य प्रदेश के चेयरमेन प्रेम सिंह यादव एवं जितेंद्र सिंह कुशवाह ने बताया कि हरियाणा करनाल में आयोजित होने वाली ऑल इंडिया पुलिस बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश उज्जैन से बॉडी बिल्डिंग के राष्ट्रीय निर्णायक शैलेंद्र व्यास को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। उल्लेखनीय है कि संपूर्ण भारत के विभिन्न प्रदेशों से 19 निर्णायकों में शैलेंद्र व्यास चयनित किये गए है।

# स्थायी कुंभ नगरी पर साधु-संतों का मिला सरकार का साथ, समर्थन दिया

## 3 अखाड़ों ने सौंपा सहमति पत्र, उज्जैन विकास प्राधिकरण कर रहा योजना पर काम

**सिंहस्थ क्षेत्र में पक्के निर्माण किए जाने की चल रही तैयारी**

**योजना को बता बहुत ही उपयोग**








**उज्जैन। महाकुंभ 2028 के तहत मेला क्षेत्र में स्थाई प्रकृति के निर्माण किए जाने की एक योजना विकास प्राधिकरण बना रहा है। जिसको लेकर तीन अखाड़ों ने भी अपना समर्थन राज्य सरकार को दे दिया है और योजना को बहुत उपयोगी बताया है।**

गौरतलब है कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मंशाअनुसार स्थाई प्रकृति के निर्माण मेला क्षेत्र में इसलिए किया जाना है। क्योंकि कच्चे निर्माण से बार-बार परेशानी आती है, इस बार प्रयागराज महाकुंभ में 60 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे थे। उज्जैन सिंहस्थ में भी 30 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आगन्तुक अथिति और साधु संत आएंगे। ऐसे में उनके लिए समुचित व्यवस्था स्थाई तौर पर किए जाने की योजना बनाई जा रही है।

निर्वाणी आणि अखाड़ा की बैठक में तय किया गया कि मेला क्षेत्र में स्थायी सड़कें, सीवरेज लाइन और बिजली व्यवस्था होनी चाहिए।2016 सिंहस्थ में तेज़ आंधी-तूफ़ान से भारी अव्यवस्था हो गई थी, इसलिए अब पक्के निर्माण जरूरी हैं। स्थायी नगरी बनने से करोड़ों श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

नवभारत से चर्चा में स्थानीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रामेश्वर दास ने बताया कि सिहस्थ क्षेत्र की जमीन लैंड पूलिंग के आधार पर किसानों से लिए जाने की जब योजना बनाई तो हमने सरकार तक यह बात पहुंचाई की किसानों से जमीन ले रहे हैं तो उन्हें मुआवजा भी मिलना चाहिए। ताकि किसानों को भी किसी प्रकार की परेशानी ना हो। ऐसे में मध्य प्रदेश सरकार में हम संतों की बात मानी और किसानों को जमीन के बदले मुआवजा देने का निर्णय लिया। ऐसे में सरकार ने जो लैंड पुलिंग योजना का जो खाका तैयार किया है। वह साधु संतों के लिए ही किया है सिंहस्थ के लिए किया है, ऐसे में हम भी सरकार की बात मानने को तैयार हो गए हैं और समर्थन दिया है।



अखाड़ा परिषद, उज्जैन

तीनों वैष्णव अखाड़ों ने किया खंडन

### 5000 करोड़ रुपए की योजना

सिंहस्थ की तैयारियों के तहत उज्जैन में राज्य सरकार एक स्थायी कुंभ नगरी विकसित करने जा रही है। इस परियोजना की अनुमानित लागत करीब 5 हजार करोड़ रुपये है और यह लगभग 2,378 हेक्टेयर भूमि पर विकसित होगी। इसमें चौड़ी सड़कें, अंडरग्राउंड बिजली व्यवस्था, स्कूल, अस्पताल और अन्य बुनियादी सुविधाएं शामिल होंगी। यहां पर साधु संत अपने पक्के आश्रम भी बना सकते हैं, इसके लिए धार्मिक आध्यात्मिक संस्थाओं को भी जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। साधु-संतों ने सरकार के निर्णय का समर्थन किया है और इसे सिंहस्थ के लिए आवश्यक बताया है। तीनों वैष्णव अखाड़ों ने इस परियोजना के पक्ष में पत्र जारी किया है। इसमें कहा गया है कि स्थायी आध्यात्मिक नगरी सिंहस्थ 2028 के लिए बेहद जरूरी है। अखाड़ों ने माना कि इससे श्रद्धालुओं और संतों को सुविधाजनक वातावरण मिलेगा। स्थानीय अखाड़ा परिषद और रामादल अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष डॉ. रामेश्वर दास महाराज के साथ-साथ महंत रामचंद दास महाराज, महंत दिग्विजय दास महाराज और महंत चरणदास महाराज ने भी समर्थन का ऐलान किया है।

## महिला कबड्डी स्पर्धा में उज्जैन की टीम रही विजेता

**उज्जैन।** नई शिक्षा नीति खेलों में रोजगार के अवसर प्रदान करती है। इसमें यह गुंजाइश है कि विद्यार्थियों द्वारा खेल को एक विषय के रूप में चुन कर अपनी प्रतिभा को निखारा जा सके। ये उद्गार प्रधान मंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय में आयोजित संभाग स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित करते हुए विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलगुरू डॉ अर्पण भारद्वाज ने व्यक्त किए। माधव कॉलेज में आयोजित इस कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। शासकीय महाविद्यालय, उन्हेल के क्रीड़ा अधिकारी आर के कौरव ने कार्यक्रम में शामिल खिलाड़ियों को संबोधित किया। कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद विजेताओं को बधाई देते हुए पुरस्कार वितरण किया गया। महिला कबड्डी की इस प्रतियोगिता में शामिल हुई संभाग की टीमों में से फाइनल में शाजापुर और उज्जैन जिले की टीमें पहुंची। उज्जैन जिले की टीम ने 21-3 के अन्तर से विजय प्राप्त की। विजेता टीम में आरती भदौरिया, अंजलि केथवास, सोनिया सिसौदिया, सानिया हारोड, जयश्री मेहता, अपेक्षा पाटीदार, खुशी प्रजापत, माही बाला चौहान, लता नइमा, अनिशा यादव शामिल रहीं। विजेता और उप विजेता को प्रमाण पत्र और मैडल प्रदान किए। संचालन डॉ. जफर महमूद ने किया। सरस्वती वंदना डॉ नलिनी तिलकर ने प्रस्तुत की।

# एडवाइजरी कंपनी संचालक से धमकाकर मांगे 50 हजार

## आरोपियों ने खुद को पत्रकार बताया, पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

**उज्जैन।** एडवाइजरी कंपनी चलने वाले को धमकाकर 50 हजार रुपए की डिमांड करने वाले दो तथाकथित पत्रकारों के खिलाफ पुलिस ने ब्लैकमेलिंग का मामला दर्ज किया है। एक को हिरासत में ले लिया गया है दूसरे की तलाश की जा रही है।

नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेंद्र यादव ने बताया कि दो तालाब के समय एमिनेंट इन्वेस्टमेंट एडवाइजरी कंपनी के नरेंद्र चेतनानी निवासी मानसरोवर कॉलोनी में शिकायत दर्ज कराई है कि उनके यहां खुद को पत्रकार बता कर दो युवक आए थे एक ने अपना नाम शुभम और दूसरे ने नितेश होना बताया। उन्होंने धमकी दी कि एडवाइजरी कंपनी चलना है तो 50 हजार रुपए देना होंगे। कंपनी फर्जी तरीके से चलाई जा रही है रुपए नहीं दिए तो अच्छा नहीं होगा। थाना प्रभारी के अनुसार खुद को पत्रकार बताकर नरेंद्र चेतनानी को ब्लैकमेल करने वाले दोनों युवकों के खिलाफ ब्लैकमेलिंग और धमकी देने का मामला दर्ज कर लिया गया है। रात में नितेश परमार को हिरासत में ले लिया गया था वहीं शुभम की तलाश की जा रही है। शुक्रवार दोपहर बाद नितेश परमार को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। शुभम की तलाश जारी है। विदित हो कि 2 दिन पहले ही पुलिस ने पांच एडवाइजरी कंपनियां पर दबिश मारी थी और दो कंपनी चलाने वाले लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। इसके बाद तथा कथित पत्रकारों द्वारा एडवाइजरी कंपनी वाले को धमकाया गया।

### वृद्ध ने लगाई फांसी

उज्जैन। सेवागम आश्रम में शुक्रवार को वृद्ध ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आश्रम के कर्मचारियों ने घटना को देखा तो पुलिस को सूचना दी। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि सेवाधाम आश्रम में रहने वाले मोतीलाल पिता जगन्नाथ चौहान 57 साल का शव आश्रम के ही बाथरूम में फंदे पर लटका होने की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी। शव संडे से नीचे उतर गया और आश्रम कर्मचारियों से पूछताछ की गई। उन्होंने बताया कि मोतीलाल पिछले 1 वर्ष से आश्रम में रह रहे थे और कुछ दिनों से बीमार थे उनके परिवार का कुछ पता नहीं था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। आश्रम की ओर से ही वृद्ध का अंतिम संस्कार कराया गया है।

### बाइक-ट्रक की भिड़ंत, पत्नी की मौत,पति घायल

उज्जैन। इंदौर रोड पर ट्रक और बाइक के बीच हुई भिड़ंत में बाइक सवार दंपत्ति घायल हो गए। दोनों को अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने पत्नी को मृत घोषित कर दिया। पति का उपचार चल रहा है। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि तपोभूमि से पहले बाइक पर सवार कुलदीप चौधरी और उसकी पत्नी रानू निवासी बिनराज खेड़ी चिंतामण बाइक से तपोभूमि की ओर जा रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक से उनकी भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में पति-पत्नी गंभीर घायल हो गए दोनों को चरक अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद रानू चौधरी को मृत घोषित कर दिया। पति कुलदीप चौधरी गंभीर घायल था जिसे उपचार के लिए भर्ती किया गया है। जानकारी लगने पर परिजन अस्पताल पहुंच गए थे। पुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया है। दुर्घटना के बाद चालक भाग निकला था। दोपहर में पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंपा गया है।

## भाजपा कार्यालय में लगी पीएम नरेन्द्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी



**उज्जैन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपा कार्यालय लोकशक्ति भवन पर पीएम मोदी के जीवन पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। इस चित्र प्रदर्शनी में पीएम मोदी के बाल्यकाल से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक के पूरे सफर को दर्शाया गया है। मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती तक भाजपा विभिन्न सेवा कार्यों के माध्यम से सेवा पखवाड़ा मना रही है। जिला मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा के अनुसार इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि आज पूरी दुनिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन कर रही है। पिछले 11 वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था, विरासत, इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश, नियुक्तियां, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि विकास, जल संसाधन जैसे तमाम क्षेत्रों में नए प्रतिमान स्थापित हुए हैं। गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिलाएं, दलित और वंचित समाज को प्राथमिकता देने की वजह से हर नागरिक के जीवन में व्यापक परिवर्तन आया। इस अवसर पर सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, निगम सभापति कलावती यादव, पारस जैन, मीना जोनवाल, रूप पमनानी, ओम जैन, जगदीश पांचाल, आनन्दसिंह खींची, कमल बैरवा, दिनेश जाटवा, अनिल शिंदे, विजय चौधरी, जितेन्द्र कृपलानी सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## देसी कट्टा और बंदूक के साथ पकड़ाया युवक




**उज्जैन। अवैध हथियार लाकर घर में रखने वाले युवक को पुलिस ने सूचना मिलने के बाद हिरासत में लिया है। उसकी निशान देवी पर देसी कट्टा, भरमार बंदूक और कारतूस बरामद किए गए हैं।**

भाटपचलाना थाना पुलिस ने बताया मग्बीर से सूचना मिली थी कि ग्राम बनबानी रोड पर रहने वाला संजय पिता भेरुलाल भाटी अवैध हथियार लेकर आया है और घर में छुपा कर रखे हैं। सूचना की तस्दीक करने पुलिस की टीम संजय भाटी के घर पहुंची और उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई उसने घर में भरमार बंदूक और देसी कट्टा रखा होने की जानकारी दे दी पुलिस ने तलाशी लेकर घर में से दोनों अवैध हथियार और एक कारतूस के साथ लोहे के छर्रे बरामद किये है। थाना प्रभारी सत्येंद्र चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक के खिलाफ अवैध हथियार रखने की धारा में प्रकरण दर्ज किया गया है। उसका आपराधिक रिकॉर्ड तलाशने पर पूर्व में भी प्रकरण होना सामने आए हैं। फिलहाल युवक से अवैध हथियार के मामले में पूछताछ की जा रही है।

# सम्राट विक्रमादित्य हेरिटेज होटल के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी

**उज्जैन। महाकाल मंदिर के समीप मप्र राज्य पर्यटन विकास निगम की होटल सम्राट विक्रमादित्य द हेरिटेज के नाम पर लाखों की ठगी होने का मामला सामने आने पर प्रबंधक ने मामले में धोखाधड़ी की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई है। ठगी करने वालों ने पर्यटको को भ्रमित जानकारी देकर ऑनलाइन राशि का ट्रांजेक्शन कराया है।**

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि विक्रमादित्य द हेरिटेज के प्रबंधन सतीश पिता उमाशंकर पाठक ने शिकायती आवेदन देकर बताया था कि म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम की इकाई सम्राट विक्रमादित्य द हेरिटेल के नाम पर कुछ माह से ठगों द्वारा आनलाईन पर्यटकों को भ्रमित जानकारी देकर ठगी की जा रही है। ठगों द्वारा होटल की वेबसाइड पर टेंपरिंग कर अपना मोबाइल नम्बर अंकित करने के साथ वाट्सएप पर अपना क्यूआर कोड भेज राशि का ट्रांजेक्शन कराया जा रहा है। अब तक 5 से 6 लाख की धोखाधड़ी पर्यटकों से हो चुकी है। शिकायत पर संज्ञान लेकर जांच करने के बाद मामले में धारा 318 (4), 316 (2) बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया गया है। होटल हेरिटेज प्रबंधक द्वारा कुछ मोबाइल नम्बर दिये गये है, जिसके माध्यम से ठग धोखाधड़ी को अंजाम दे रहे है। उन्होने वाट्सएप मैसेज के स्क्रीन शार्ट और पर्यटकों को प्राप्त क्यूआर कोट के स्क्रीन शार्ट भी सौंपे है। जिसके आधार पर ठगों का पता लगाने के प्रयास शुरू किये गये है। बताया जा रहा है कि गुरुवार को आगरा से तीन पर्यटक धार्मिक यात्रा पर उज्जैन आये थे। उन्होंने होटल हेरिटेज पहुंचकर बुकिंग होने की बात कहीं। प्रबंधक ने बुकिंग उनके नाम से बुकिंग नहीं होना बताया। जिसके बाद पर्यटकों ने ऑनलाईन 8 हजार का भुगतान करना बताया। जिसके बाद मामले की शिकायत महाकाल थाने पहुंची। प्रबंधक ने बताया कि पूर्व में भी ऐसे मामले सामने आ चुके है। जुलाई-अगस्त में भी कुछ पर्यटकों के साथ इसी तरह की ठगी हुई। पर्यटकों द्वारा आने क बाद झगड़ा भी किया जाता है।

### मां का दसवां करने उज्जैन आ रहा पुत्र और पंडित दुर्घटना में घायल

उज्जैन/घट्टिया। अपनी मां का दसवां करने गांव के ही पंडित के साथ उज्जैन जा रहे माकड़ौन क्षेत्र के व्यक्ति की बाइक को आगर रोड पर पीछे से आ रही कार ने तेजी से टक्कर मार दी, जिसमें दोनों बाइक सवार गंभीर घायल हो गए। दोनों को मौके पर मौजूद लोगों ने चरक अस्पताल पहुंचाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार माकड़ोन थाना क्षेत्र के गांव टुकराल निवासी तेजू पिता नाथू सिंह (50) के साथ यह दुर्घटना हुई है। वे शुक्रवार सुबह गांव के ही पं. शुभम पिता रणछोड़ (31) के साथ बाइक से उज्जैन सिद्धवट जा रहे थे। रास्ते में वे घट्टिया के पास पेट्रोल डलवाने पंप पर रुके। पेट्रोल लेकर वे जैसे ही रोड पर आए उनकी बाइक को पीछे से आ रही इनोवा कार ने तेजी से टक्कर मार दी। जिसमें वे बुरी तरह घायल हो गया। घटना शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे की बताई गई है। दोनों को पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने अन्य लोगों की मदद से जिला अस्पताल चरक भवन इलाज के लिए भिजवाया। जहां उनका इलाज चल रहा है। बाइक तेजू चला रहा था तथा चोंट भी उसे ही ज्यादा लगी है।

**मंदिर में अभद्रता** | **सोशल मीडिया पर वीडियो जारी, क्रिस्टल के गार्ड कर रहे बदतमीजी, प्रशासन कार्रवाई करें**

# उज्जैन की नृत्यांगना खुशबू ने महाकाल के सुरक्षा गार्डों पर लगाए अभद्रता के आरोप

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन।** उज्जैन की नृत्यांगना खुशबू पांचाल ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर महाकाल मंदिर की निजी सुरक्षा एजेंसी क्रिस्टल के गार्डों पर अभद्रता का आरोप लगाया है। खुशबू ने वीडियो में कहा कि वह अक्सर मंदिर में दर्शन करने जाती है जहां तैनात निजी सुरक्षा एजेंसी के सुरक्षा गार्ड उनसे बदतमीजी करते हैं। वीडियो में खशबू सफ कहते हुए दिख रही है कि सुरक्षा गार्ड आते-जाते समय उन्हें न केवल रोकते हैं बल्कि अभद्रता करने के साथ हरकते भी करते हैं। ऐसा पहले भी कई बार उन्होंने महसूस किया लेकिन इस बार जब बात ज्यादा हो गई तो उन्हें सोशल मीडिया पर आकर यह जानकारी सार्वजनिक रूप से देना पड़ी। उन्होंने अपने वीडियो के जरिए ही कहा है कि जिम्मेदार इस विषय पर संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करें।

इधर सोशल मीडिया में आने के बाद जब महाकाल मंदिर प्रबंध समिति ने वीडियो के संबंध में वस्तुस्थिति जानी तो पता चला कि खुशबू पांचाल से किसी भी गार्ड ने कोई अभद्रता नहीं की। आरोपों के संबंध में जानकारी लेने पर, उनके द्वारा किसी सुरक्षाकर्मी का नाम या किसी साक्ष्य की जानकारी भी उपलब्ध नहीं कराई गई। समिति ने घटना के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच कि तो पाया कि स्वयं खुशबु पांचाल द्वारा चलित लाइन में रुककर लाइन को बाधित किया गया, जबकि अन्य दर्शनार्थी कार्तिक मंडप से नीचे की ओर प्रवेश कर रहे थे। उनके द्वारा अनाधिकृत स्थान पर बैठा गया तथा मंदिर की व्यवस्थाओं की अवहेलना की गई। समिति के अधिकारियों का कहना है कि जांच में उक्त वीडियो झूठा एवं भ्रामक निकलता है तो मंदिर की छवि धूमिल करने के मामले में उनके विरुद्ध कार्रवाई भी की जा सकती है।

### 22से हरसिद्धि के गर्भगृह में प्रवेश बंद रहेगा

शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान 22 सितंबर से 3 अक्टूबर तक देश के 51 शक्तिपीठों में से एक उज्जैन के प्रसिद्ध हरसिद्धि मंदिर में गर्भगृह के अंदर आम प्रवेश पूर्ण रूप से बंद रहेगा। इस संबंध में प्रशासन की ओर से एसडीएम उज्जैन ने आदेश जारी किए है। इस आदेश के बाद मंदिर समिति ने परिसर में नोटिस लगा दिया है। हरसिद्धि मंदिर के सहायक इंद्रेश ने बताया कि नवरात्रि पर्व के दौरान मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ते हैं। व्यवस्था व सुरक्षा की दृष्टि को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने गर्भगृह में प्रवेश बंद रखने का निर्णय लिया है। श्रद्धालु लाइन से चलते हुए बाहर मां हरसिद्धि के दर्शन करते हुए बाहर निकलेंगे।

### आज श्राद्ध की बड़ी चतुर्दशी, सिद्धवट पर दूध चढ़ाने के लिए उमड़ेंगे लोग



श्राद्ध पक्ष की बड़ी चतुर्दशी पर शनिवार को उज्जैन के भैरवगढ़ में स्थित सिद्धवट को दूध चढ़ाने के लिए हजारों लोग उमड़ेंगे। पितरों की आत्म शांति के लिए पिंडदान व तर्पण कराने वालों की भी घाट पर कतार लगेगी। सिद्धवट मंदिर के पुजारी पं. सुधीर चतुर्वेदी, सुरेंद्र चतुर्वेदी ने बताया आश्विन कृष्ण में श्राद्ध पक्ष की चतुर्दशी पर अल सुबह 4 बजे पहले पुजारी परिवार एवं तीर्थ पुरोहित परिवार की ओर से पूर्वजों की आत्म शांति के निमित्त सिद्धवट पर जल व दूध चढ़ाया जाता है। इसके बाद आम श्रद्धालु दूध चढ़ा सकेंगे। भगवान को जल व दूध चढ़ाने के लिए पात्र की व्यवस्था मंदिर द्वारा की जाएगी। प्रशासन ने चतुर्दशी व अमावस्या पर उमड़ने वाले श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ को देखते हुए सुरक्षा आदि के इंतजाम किए है।